छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

डाक–14 जून, गुरुवार 2018

वर्ष–21 अंक–16 | बिलासपुर, बुधवार 13 जून 2018 | पृष्ठ–8 मूल्य–2 रुपया | ❑ बिलासपुर ❑ रायपुर ❑ जगदलपुर से प्रकाशित

अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

जम्मू । अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा के लिए सेना, जम्मू कश्मीर पुलिस के अलावा अर्द्धसैनिक बलों की 200 कंपनियां तैनात की जाएंगी। इनमें से 166 कंपनियां केंद्र सरकार की ओर से भेजी जा रही हैं। एक कंपनी में 135 सुरक्षा कर्मी होते हैं। इसके साथ केंद्रीय सुरक्षा बल जम्मू कश्मीर में तैनात बटालियनों से भी कुछ कंपनियों को यात्रा ड्यूटी पर भेजेगा।

दक्षिणी मुंबई के इमारत में लगी भीषण आग

मुंबई। दक्षिणी मुंबई के वर्ली के प्रभादेवी में उस वक्त अचानक अफरातफरी मच गई जब बुधवार को अचानक इस ऊंची इमारत में आग लग गई। हालांकि, इस आग से किसी के हताहत होने की ख़बर सामने नहीं आई है। मौके पर छह फायर इंजन और पांच टैंकर की गाड़ियां पहुंच चुकी हैं और आग बुझने का काम जारी है। मुंबई पुलिस ने ट्वीटर पर कहा– हमारे स्टाफ और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर सहायता के काम में जुटे है।

ब्रेकिंग न्यूज

मोदी ने विराट का फिटनेस चैलेंज किया पूरा, जारी किया वीडियो



नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ट्विटर पर अपना फिटनेस वीडियो पोस्ट किया है जिसमें वह प्रकृति के पांच तत्वों से प्रेरित होते हुए ध्यान लगाते, ट्रैक पर वॉक करते नजर आ रहे हैं। इसमें वह योग करते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी, टेबल टेनिस खिलाड़ी मणिका बत्रा और आईपीएस अधिकारियों , खासकर वे जिनकी आयु 40 वर्ष से अधिक है, को फिटनेस चुनौती भी दी। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने पिछले महीने प्रधानमंत्री को फिटनेस चुनौती दी थी, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया था। इसके लगभग एक महीने बाद करीब डेढ़ मिनट का यह वीडियो सामने आया है। तब मोदी ने ट्विटर पर जवाब दिया था कि वह जल्द ही अपना फिटनेस वीडियो अपलोड करेंगे। कोहली की चुनौती का जवाब देते हुए मई में मोदी ने लिखा था कि चुनौती स्वीकार है विराट ! मैं अपना फिटनेस वीडियो जल्द ही साझा करूंगा।

अटल बिहारी वाजपेयी की हालत में सुधार, जल्द मिलेगी एम्स से छुट्टी

नई दिल्ली, एम्स के निदेशक रणदीप गुलेरिया ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की हालत में खासा सुधार है। उम्मीद है कि अगले कुछ दिन में हम उन्हें छुट्टी दे सकते हैं। उन्हें यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन, लोवर रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इंफेक्शन और किडनी संबंधी बीमारियों के कारण अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में सोमवार को भर्ती कराया गया है। एम्स के निदेशक डॉक्टर रणदीप गुलेरिया की निगरानी में चिकित्सकों की एक टीम उनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रही है। सूत्र ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री का सोमवार को डायलिसिस हुआ था। वह अभी भी एम्स के कार्डियोथोरैकिक केन्द्र के आईसीयू में हैं। मधुमेह से पीड़ित वाजपेयी की सिर्फ एक किडनी काम करती है। उन्हें 2009 में आघात आया था। बाद में उन्हें डिमेंशिया की शिकायत हो गयी। प्रथम तल पर मौजूद आईसीयू के पूरे गलियारे का घेराव कर दिया गया है और केवल मरीज के सहायकों और रिश्तेदारों को प्रमाण दिखाने के बाद ही वहां जाने की अनुमति दी जा रही है।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, केजरीवाल का फिर धरना-प्रदर्शन शुरू हो गया है।

चुहिया- हां जी, पहले सड़क पर लेटकर करते थे अब सोफे में सोकर करते हैं।

टूरिस्ट बस पलटी, 17 की मौत

मैनपुरी, 13 जून (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में बुधवार सुबह सैफेई–मैनपुरी राजमार्ग पर एक भयानक सड़क हादसा हो गया। जहां जयपुर से फरूखाबाद जा रही एक प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा जाने के बाद पलट गई। बस के पलट जाने से उसमें सवार 17 यात्रियों की मौत हो गई तथा 35 से अधिक घायल हो गए। बस में लगभग 60 यात्री सवार थे। मैनपुरी के पुलिस अधीक्षक अजय शंकर राय ने बताया कि बुधवार तड़के यह हादसा सैफेई–मैनपुरी राजमार्ग पर हुआ जिसमें यह प्राइवेट बस डिवाइडर से पलट गई और 17 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। घायल यात्रियों में से 3 को सैफेई पीजीआई में भर्ती कराया गया है जबकि 14 को मैनपुरी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि घायलों में से कुछ की हालत बहुत ही गंभीर है। उन्होंने कहा कि अभी प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मरने वालों में एक महिला यात्री भी शामिल है। पुलिस की टीमें राहत और बचाव के कामों में लगी है। मरने वाले यात्रियों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मैनपुरी में हुई बस दुर्घटना में यात्रियों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में मृतकों के आश्रितों को 2–2 लाख रुपए तथा गंभीर रूप से घायलों को 50–50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने घायलों का समुचित इलाज कराने के भी निर्देश दिए हैं।

मोदी को रोकने के लिए 2019 में महागठबंधन जरूरी : राहुल

नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसी)। मोदी सरकार पर हमलावर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने आज प्रेस कांफ्रेंस कर आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अमीरों के लिए काम कर रही है। पेट्रोल के दाम आसमान पर है और जनता परेशान हैं लेकिन उनकी कोई सुध नहीं ले रहा है। राहुल ने कहा कि मोदी सरकार को रोकने के लिए 2019 में महागठबंधन जरूरी हो गया है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार जिस तरह संस्थाओं पर आक्रमण कर रही हैं ऐसे में महागठबंधन देश की जरुरत है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि अगर आप उनकी आवाज को ध्यान से सुनेंगे तो पाएंगे उनके वादों में सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी ने अपने गुरु लाल कृष्ण आडवाणी का कार्यक्रम तक में आदर नहीं किया। आज मैं आडवाणी जी के लिए बहुत क्षोभ महसूस कर रहा हूं। राहुल गांधी आज महाराष्ट्र के चंद्रपुर के नांदेड गांव में किसानों संग चौपाल पर चर्चा करेंगे। वे यहां एचएमटी धान आविष्कारक और दिवंगत कृषि वैज्ञानिक दादाजी खोब्रागढ़े के परिवार से मुलाकात करेंगे और उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। दादाजी खोब्रागढ़े को धान की प्रजाति विकसित करने के लिए अवॉर्ड भी मिला था।

उप–राज्यपाल आवास पर डटे हैं केजरीवाल सिसोदिया और सत्येंद्र बैठे भूख हड़ताल पर

नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी के मुखिया और राज्य के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पिछले तीन दिनों से एलजी दफ्तर पर धरने पर बैठे हैं। केजरीवाल के साथ धरने पर बैठे सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया ने आज भूख हड़ताल शुरू कर दी है। धरने को देखते हुए एलजी हाउस की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

केजरीवाल और उनके मंत्रियों ने आईएएस अधिकारियों को हड़ताल खत्म करने का निर्देश देने और चार महीनों से कामकाज रोक कर रखे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने सहित तीन मांगें रखी हैं। सोमवार शाम सीएम अपने मंत्रियों के साथ उपराज्यपाल से मिलने पहुंचे थे जिसके बाद मांगें पूरी न होने पर वह अपने मंत्रियों के साथ एलजी दफ्तर में धरने पर बैठ गए। मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने भूख हड़ताल शुरू की थी, जिसके बाद आज मनीष सिसोदिया ने भी अनशन का ऐलान कर दिया है। सिसोदिया ने अपने अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर ट्वीट करते हुए लिखा कि दिल्ली की जनता को उसका हक दिलाने और उसके रुके हुए काम कराने के लिए आज से मैं भी अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठ रहा हूं। सत्येंद्र जैन जी का अनशन भी कल से जारी है। हमारा आत्मबल और जनता का विश्वास ही हमारी ताकत है।

21वीं सदी का सबसे लंबा पूर्ण चंद्र ग्रहण

नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसी)। हिंदू धर्म के मतानुसार चंद्र ग्रहण का प्रभाव शुभ नहीं माना जाता। खगोलीय दृष्टि से चंद्र ग्रहण के समय पृथ्वी अपनी धूरी पर भ्रमण करते हुए चंद्रमा व सूर्य के बीच आ जाती है। ऐसी स्थिति में चंद्रमा का पूरा या आधा भाग ढ़क जाता है। इसी को चंद्र ग्रहण कहते हैं। 27 जुलाई आषाढ़ मास को पूर्णिमा की रात है, इसी दिन खग्रास चंद्रग्रहण होगा। लगभग 103 मिनट तक चंद्र ग्रहण का प्रभाव रहेगा। इसे भारत सहित दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका, पश्चिम एशिया, आस्ट्रेलिया और यूरोप में देखा जा सकेगा।

कर्नाटक में जयनगर सीट पर कांग्रेस आगे

नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसी)। कर्नाटक की जयनगर विधानसभा के लिए हुए चुनाव की मतगणना के पहले दो घंटे के रूझानों के मुताबिक कांग्रेस को भाजपा पर करीब 7,300 मतों के अंतर से बढ़त हासिल है। जयनगर विधानसभा क्षेत्र में 11 जून को हुए चुनाव में 55 फीसदी मतदान हुआ था। पूरे राज्य में विधानसभा चुनाव 12 मई को हुआ था लेकिन भाजपा के उम्मीदवार और इस सीट से विधायक बीएन विजयकुमार की मौत के बाद जयनगर में चुनाव रद्द कर दिया गया था। इस सीट पर विजय कुमार के भाई भाजपा उम्मीदवार बीएन प्रहलाद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व मंत्री रामलिंगा रेड्डी की बेटी सौम्या रेड्डी के बीच सीधा मुकाबला है।

इफ्तार के बहाने विपक्ष को जुटा रहे राहुल गांधी

नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसी)। विपक्ष को एकजुट करने की जो मुहिम यूपीए चेयरपर्सन और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने शुरू की है, उसकी अगली कड़ी राहुल गांधी की ओर से दी जा रही इफ्तार पार्टी को देखा जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने बुधवार को पांच सितारा होटल में इफ्तार पार्टी रखी है। पार्टी में सभी विपक्षी दलों के नेताओं को आमंत्रित किया है। लेकिन इस पार्टी में मायावती, ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव और एचडी कुमारस्वामी शामिल नहीं हो रहे। वजह उनके अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम बताए जा रहे हैं।

कांग्रेस के एक नेता ने बताया कि सपा, बसपा, राजद, वाम दल, जदएस, तृणमूल कांग्रेस, एनसीपी और कुछ अन्य विपक्षी दलों के नेता आमंत्रित हैं लेकिन राजद नेता तेजस्वी यादव कांग्रेस अध्यक्ष की इफ्तार में शामिल नहीं होंगे। बताया गया कि बुधवार को ही पटना में राजद की तरफ से इफ्तार का आयोजन किया गया है। राजद के प्रवक्ता मनोज झा ने बताया कि राजद की इफ्तार का कार्यक्रम पहले से तय था। दोनों आयोजन एक ही दिन हो रहे हैं, इसलिए तेजस्वी दिल्ली नहीं पहुंच सकेंगे। पार्टी की तरफ से वे कांग्रेस की इफ्तार में शिरकत करेंगे।

वहीं जद (एस) की ओर से एच.डी. कुमारस्वामी भी नहीं शामिल होंगे। उनकी जगह पार्टी के नेता कुंवर दानिश अली पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसकी पुष्टि दानिश अली ने की। राहुल की इफ्तार पार्टी में तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी भी शामिल नहीं होंगी। उनके बारे में भी बताया गया कि वे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में व्यस्त रहेंगी, लिहाजा उनकी पार्टी की ओर से कोई दूसरा नेता प्रतिनिधित्व करेगा।

बसपा की ओर से मायावती की बजाए सतीश चंद्र मिश्रा इफ्तार पार्टी में पहुंचेगे। लेकिन एनसीपी नेता शरद पवार इफ्तार पार्टी में शामिल होंगे।

भय्यू महाराज की खुदकुशी मामलें में आया नया मोड़, भक्तों ने जताई साजिश की आशंका

इंदौर, 13 जून (एजेंसी)। अपने आवास पर गोली मारकर खुदकुशी करने वाले आध्यात्मिक संत भय्यू महाराज के अंतिम दर्शन के लिए आज यहां उनके आश्रम में भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस बीच संत के गमगीन अनुयायियों ने उनकी मृत्यु के पीछे साजिश का संदेह जताते हुए सीबीआई जांच की मांग की है। भय्यू महाराज की पार्थिव देह को उनके बापट चौराहा स्थित आश्रम में लाया गया जहां उनके अंतिम दर्शन के लिए भक्तों और अनुयायियों का हुजूम उमड़ पड़ा है। भय्यू महाराज के कई भक्तों को अब भी यकीन नहीं हो रहा है कि उनके गुरु आत्महत्या कर सकते हैं। उन्होंने अपने गुरु की आत्महत्या की सीबीआई जांच की मांग की है।

महाराष्ट्र के जलगांव जिले से आये भय्यू महाराज के अनुयायी सम्भाजी देशमुख ने संवाददाताओं से कहा कि उनके गुरु कायर नहीं थे और आत्महत्या जैसा कदम नहीं उठा सकते। भावुक भक्त ने भरे कण्ठ से कहा, हमें शक है कि साजिश के तहत भय्यू महाराज की हत्या करायी गयी है। मामले की सीबीआई जांच करायी जानी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि महाराज को नुकसान पहुंचाने के लिये पहले भी प्रयास किये जाते रहे हैं। इस बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यालय में पदस्थ (ओएसडी) विशेष कार्याधिकारी श्रीकांत भारतीय ने फडणवीस की ओर से भय्यू महाराज को श्रद्धांजलि दी। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। भय्यू महाराज का अंतिम संस्कार आज दोपहर में किया जाएगा।

इससे पहले उनके अंतिम दर्शन के लिए आये कई भक्तों को अपने गुरू के दिवंगत हो जाने के बाद विलाप करते देखा गया, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र समेत देश के अनेक हिस्सों में राजनेताओं, उद्यमियों तथा फिल्मी हस्तियों समेत विभिन्न वर्ग के लोगों पर प्रभाव रखने वाले आध्यात्मिक संत भय्यू महाराज ने कल यहां अपने आवास पर कथित रूप से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस इस मामले में विभिन्न कोणों से जांच कर रही है।

पाकिस्तान ने फिर किया सीजफायर उल्लंघन

4 जवान शहीद

जम्मू,(एजेंसी)। पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। मंगलवार रात एक बार फिर पाकिस्तानी रेंजर्स ने घात लगाकर हमला करते हुए दो अधिकारियों समेत 4 सीमा प्रहरियों को शहीद कर दिया। सीजफायर पर जम्मू सीमा क्षेत्र के बीएसएफ एडीजी कमल नाथ चौबे ने कहा कि सीजफायर हमेशा द्विपक्षीय फैसला होता है। हमने हमेशा सीजफायर की शुचिता को बरकरार रखा लेकिन पाकिस्तान ने इसका उल्लंघन किया है। उन्होंने आगे कहा कि युद्धविराम हो या न हो, हम हमेशा तैयार रहते हैं। सीमा के क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए आवश्यक हर उपकरण को बनाए रखा जाता है।

पाकिस्तान ने मंगलवार रात पौने दस बजे के करीब पहले सांबा सेक्टर के रामगढ़ में नारायणपुर की चमलियाल पोस्ट पर पैट्रोलिंग कर रहे सीमा प्रहरियों पर स्नापर फायर किए व इसके बाद घायलों के बचाव में आए दल को निशाना बनाते हुए मोर्टार के गोले दागना शुरू कर दिया। यह हमला जम्मू में दोनों ओर के सीमा प्रहरियों के बीच सेक्टर कमांडर स्तर की फ्लैग मीटिंग के एक हफ्ते के बाद हुआ। शहीदों की पहचान सीमा सुरक्षा बल की 62 बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट जितेन्द्र सिंह, सब इंस्पेक्टर रजनीश, सहायक सब इंस्पेक्टर राम निवास व कांस्टेबल हंस राज के रूप में हुई है। जितेन्द्र सिंह राजस्थान के जयपुर के निवासी हैं।

सीमा सुरक्षा बल ने इस पाकिस्तान रेंजर्स की नापाक हरकत करार देते हुए सीमा प्रहरियों पर पाकिस्तान की बार्डर एक्शन टीम का हमला होने से इंकार किया है। तीन सीमा प्रहरी मंगलवार देर रात को ही शहीद हो गए जबकि घायल रजनीश ने जम्मू के सैन्य अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस हमले में पांच सीमा प्रहरियों के घायल होने की सूचना है। जिस इलाके में पाकिस्तान ने हमला किया है वहां पर 28 जून को बाबा दिलीप सिंह की मजार पर सीमा के दोनों ओर बाबा चमलियाल मेला लगना था। सीमा सुरक्षा बल जम्मू फ्रंटियर के आई राम अवतार ने बताया कि पाकिस्तानी रेंजर्स ने पहले हमारी पैट्रोल पार्टी को गोलीबारी कर निशाना बनाया। इसमें कुछ जवान घायल हो गए, बाद में उन्हें बचाने के लिए आई सीमा सुरक्षा बल की रेस्कयू टीम पर पाकिस्तान ने दो मोर्टार के गोले दाग दिए।

जून के पहले हफ्ते सीमा पर भारी गोलाबारी करने के बाद पाकिस्तान ने सेक्टर कमांडर स्तर की फ्लैग मीटिंग में वादा किया था कि वह शांति कायम करने में पूरा सहयोग देगा, लेकिन हर बार की तरह वह खरा नहीं उतरा। बीएसएफ सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तानी रेंजर्स ने रात करीब दस बजे रामगढ़ सब–सेक्टर की नारायणपुर व बाबा चमलियाल की दरगाह के निकट बीएसएफ पोस्ट के बीच गश्त कर रहे जवानों को निशाना बनाकर गोलियां दागी।

बाबा चमलियाल की दरगाह पर अगले सप्ताह वार्षिक मेले का आयोजन भी होना है। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान ने अपनी अशरफ व सेदनवाली पोस्ट से फायरिंग की, जहां चिनाब रेंजर्स तैनात हैं। बीएसएफ ने भी पाकिस्तान को उचित जवाब दिया।

मोदी सरकार का तोहफा, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब मिलेगा बड़ा घर



नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसी)। केन्द्र सरकार ने शहरी क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सब्सिडी के दायरे वाले सस्ते आवास के लिए निर्मित क्षेत्र (कार्पेट एरिया) में बढ़ोत्तरी करने का फैसला किया है। इन बदलावों से मिडिल क्लास को अब सबसे ज्यादा फायदा मिलेगा।

मिडिल इनकम ग्रुप यानि एमआईजी–ढ्ढ और एमआईजी–ढ्ढढ्ढ कैटेगरी में घरों का कार्पेट एरिया बढ़ा दिया गया है। एमआईजी–ढ्ढ में एरिया 120 वर्गमीटर से बढ़ाकर 160 वर्गमीटर कर दिया गया है। वहीं, एमआईजी–ढ्ढढ्ढ में घरों का एरिया 150 वर्गमीटर से बढ़ाकर 200 वर्गमीटर कर दिया गया है। एमआईजी–I में सालाना 6 से 12 लाख तक कमाने वाले वालों को और एमआईजी–II में 12 से 18 लाख तक कमाने वालों को घर के लिए लोन मिलता है।

गौरतलब है कि एमआईजी–I में ग्राहक को 4 फीसदी की लोन सब्सिडी मिलती है। एमआईजी–ढ्ढढ्ढ में ग्राहक को 3 फीसदी की लोन सब्सिडी मिलती है। एमआईजी–ढ्ढ में ग्राहक को 235068 रुपए का सीधा फायदा मिलेगा। वहीं, एमआईजी–ढ्ढढ्ढ में ग्राहक को 230156 रुपए का सीधा फायदा मिलेगा। दरअसल सरकार ने पिछले साल एक जनवरी से प्रधानमंत्री आवास योजना उन लोगों के लिए लागू की थी, जिनकी आमदनी सालाना 6–12 लाख रुपए है और दूसरी श्रेणी में, जिनकी आमदनी 12–18 लाख रुपए सालाना है। इनमें से 6–12 लाख रुपए सालाना आमदनी वालों को सरकार ने एमआईजी वन कैटिगरी में रखा था। इन लोगों के लिए स्कीम थी कि यदि इस आमदनी वाले ग्राहक लोन लेकर मकान खरीदते हैं तो उनके लोन में से 9 लाख रुपए के लोन की राशि पर जो भी ब्याज दर लगेगी, उसमें से 4 फीसदी ब्याज सरकार सब्सिडी के रूप में देगी। इसी तरह से दूसरी श्रेणी के लोगों के लिए तय किया गया था कि अगर वे लोन लेकर मकान खरीदते हैं तो 12 लाख रुपए तक के ब्याज पर 3 फीसदी ब्याज राशि सरकार सब्सिडी के रूप में देगी। इन दोनों श्रेणियों के लोगों को इस तरह से एमआईजी वन और एमआईजी टू के रूप में बांटा गया था।